बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सूचना

भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय (राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग) के नियंत्रणाधीन विभिन्न बन्दोबस्त कार्यालयों में बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली में प्रावधानित नियम के आलोक में नियोजित विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी/विशेष सर्वेक्षण कानूनगो/विशेष सर्वेक्षण अमीन एवं विशेष सर्वेक्षण लिपिक संविदा के आधार पर कार्यरत हैं एवं तथाकथित संघ के आह्वान पर दिनांक 16.08.2025 से हड़ताल पर हैं।

विभाग द्वारा पूर्व प्रकाशित सूचना के आलोक में 30.08.2025 के अपराह्न तक 4000 से अधिक विशेष सर्वेक्षण संविदा कर्मियों द्वारा अपने संबधित बंदोबस्त कार्यालयों में योगदान दिया गया है, जिसके आलोक में विभाग द्वारा उन सभी के योगदान को स्वीकृत कर लिया गया है।

ऐसी सूचना प्राप्त हुई है कि अनेक हड़ताली कर्मियों द्वारा हड़ताल से वापस लौटने की इच्छा रखने वाले कर्मियों को धमकी दी जा रही है एवं यह दबाव दिया जा रहा है की वे हड़ताल पर बने रहें। इसकी लिखित शिकायत अनेक कर्मियों ने की है, जिसके आलोक में आवश्यक कार्रवाई विभाग द्वारा की जा रही है।

उक्त परिस्थिति को देखते हुए हड़ताल से वापस लौटकर अपने बंदोबस्त कार्यालयों में योगदान देने हेतु पूर्व में निर्धारित तिथि को विस्तारित करते हुए 03.09.2025 की शाम 5 बजे तक निर्धारित की जाती है। इसके बाद किसी भी परिस्थिति में अवधि विस्तारित नहीं की जायेगी, न ही इसके बाद किसी के योगदान पर विचार किया जायेगा। यह विस्तार केवल उन्हीं के लिये मान्य है जिनकी सेवा समाप्त करने का आदेश नहीं निर्गत किया गया है। वैसे कर्मी जो अन्य कर्मियों पर हड़ताल में बने रहने या वापस हड़ताल पर जाने के लिए दबाव बना रहे हैं, उनकी सेवा समाप्ति की कार्रवाई अलग से की जा रही है।

1/9/25
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

C:\Users\acer\Downloads\सूचना 01-09-25.doc